आकाशवाणी शिमला

16.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

<u>मंत्रिमंडल–कृषि योजना</u>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के एक करोड़ 70 लाख किसानों को मदद मिलेगी।

*<u>100 ऐसे जिले देश भर में और हर राज्य से कम से कम एक जिला जिसमें कृषि पर तीन पैमानों पर वो बाकी सब जिलों से पीछे हो ऐसे 100 जिलों को चयनित करके उसमें एक फोकस्ड वे में 11 मंत्रालयों के 36 स्कीम्स इन सबको कन्वर्ज करके एक इंटीग्रेटेड वे में कृषि का विकास करें ये प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य है। बहुत ही महत्वकांक्षी बहुत महत्वपूर्ण बहुत ही एक गेम चेंजिंग स्कीम ये होने वाली है राज्यों का सहयोग लिया जाएगा भरपूर इसमें जिले के लेवल पे, ब्लॉक के लेवल पे और राज्य के लेवल पे गहन कंटीन्यूअस मॉनिटरिंग की जाएगी, टेक्नोलॉजी पार्टनर्स चयनित किए जाएंगे, एग्रीकल्चर से जुड़े पूरे सभी स्टेक होल्डर्स को इसमें जोड़ा जाएगा, इस तरह से किया जाएगा जिससे कि ये 100 चयनित जिले देश के एवरेज और उससे ऊपर आ सके, करीब करीब 1 करोड़ 70 लाख किसानों को इससे लाभ होगा, आने वाले छह वर्षों का कार्यक्रम है, 2025–26 के फाइनेंशियल ईयर से स्टार्ट होगा।</u>*

<u>उप–मुख्यमंत्री</u>

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद व हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। अग्निहोत्री ने रजनी पाटिल को प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी और केंद्र से अपेक्षित सहयोग के संदर्भ में भी विचार–विमर्श किया। रजनी पाटिल ने पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

<u>शांडिल</u>

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वे आज सोलन जिला के बद्दी में राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करने के बाद दवा उद्योगपतियों और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि बद्दी स्थित

औषधि प्रयोगशाला देश की तीन सर्वश्रेष्ठ दवा परीक्षण प्रयोगशाला में से एक है और उत्तर भारत की ये एकमात्र प्रयोगशाला है और इसमें प्रतिवर्ष 6 हजार दवा सैम्पल परीक्षण की क्षमता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए प्रदेश सरकार एक हजार 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक का निवेश सुनिश्चित बनाएगी।

डेंगू–सोलन

सोलन ज़िला के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ और परवाणु में बरसात के मौसम में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमित रंजन तलवार ने बताया कि ई.एस.आई. परवाणु में 11 डेंगू के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद परवाणु द्वारा फॉगिंग की जा रही है और आशा कार्यकर्ता लोगों को डेंगू से बचने के उपायों के बारे में जागरूक कर रही है।

*डेंगू के अभी तक पिछले कल तक जुलाई में ही फर्स्ट वीक से मामले आने शुरू हुए थे हमारे पास एरिया में और अभी तक 11 मामले आए हैं और सीजनल इलनेस है और इस सीजन में डेंगू के केसेस इसलिए ज्यादा आते हैं क्योंकि जो बॉर्डर एरियाज है हमारे बरोटीवाला, नालागढ, परवाणू वहां पर मच्छर के लिए कंडूसिव एटमॉस्फेयर मिल जाता है तो वो उसको बरसात के दिनों में मिल जाता है और वो पनपते हैं इसके लिए एहतियात बरतने के लिए मैं ये सलाह दूंगा कि एक तो बरसात का मौसम है पानी अपने आसपास ना खड़ा होने दें और पानी तीन से चार दिन से ज्यादा स्टोर ना करें.*

———————————————————